DOON UNIVERSITY
NEWSPAPER CLIPPING SERVICES

गांवों के विकास पर केंद्रित नीतियां बनाने की जरूरत

दून विवि में लेटरल एंट्री सिविल सेवा प्रशिक्षु अधिकारियों का ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित

देहरादून। दून विश्वविद्यालय में लेटरल एंट्री सिविल सेवा प्रशिक्षु अधिकारियों के ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विशेषज्ञों ने कहा कि आज आवश्यकता है कि गांवों पर केंद्रित नीति निर्धारण एवं क्रियान्वयन में गति लाएं।

जिससे गांवों की आर्थिकी सुदृढ़ और ग्रामीणों की जिंदगी एवं जीवन शैली में गुणात्मक सुधार हो। इस व्यावहारिक बदलाव एवं विकास की बयार को आम उत्तराखंडी महसूस कर सके। इसके लिए अधिकारियों को इस दिशा में कार्य करना होगा, तभी उत्तराखंड की स्थापना का उद्देश्य भी पूर्ण होगा। उत्तराखंड के पूर्व मुख्य सचिव डॉ. एन रवि शंकर ने कहा जब कोई विशेषज्ञ किसी नीति के निर्धारण या उसके क्रियान्वयन में शामिल होता है तो उस कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से लागू करने एवं नियंत्रित करने में आसानी होती है।

सूचना आयुक्त योगेश भट्ट ने कहा, पहाड़ और गांवों के हिसाब से नीतियां बनाने और उनको लागू करने की जरूरत है। इस मौके पर डॉ. मनोज पंत, दून विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुरेखा डंगवाल, प्रो. आरपी ममगांई ने विचार रखे। कार्यक्रम में डॉ. अरुण कुमार, नरेंद्र लाल मौजूद रहे। संवाद

News paper – Amar Ujala
Date – 20.05.2024